**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
एकलव्य परिसर,
लेम्बूचेरा, पश्चिम त्रिपुरा-799210

**दिनाङ्क-** 10/11/2025

**कार्यालय आदेश संख्या -** 156

अधोहस्ताक्षरी द्वारा समय-समय पर उभय छात्रावासों के औचक निरीक्षण करने पर पाया गया कि अन्तेवासियों द्वारा छात्रावास के नियमों का पालन संतोषजनक रूप से नहीं किया जा रहा है। निरीक्षण के बाद बारम्बार दिए गए मौखिक निर्देशों का पालन भी छात्र नहीं कर रहे है। दिनाङ्क 07/11/2025 को सायं 7बजे आरुणि बालक छात्रावास के निरीक्षण में पाया गया कि छात्रावासीय प्रार्थना सभा में केवल 29 छात्र ही उपस्थित थे। अधिकांश छात्र छात्रावास में उपस्थित होने के बावजूद प्रार्थना सभा में सम्मिलित नहीं हुए। अतः दोनों छात्रावासों के अन्तेवासियों को अनिवार्य रूप से पालन करने के लिये निम्नलिखित निर्देश दिये जाते है।

- सदाचार, सद्व्यवहार अनुशासन और परस्पर सहयोग छात्रावासीय जीवन के मूल स्तम्भ है। अतः सभी छात्र/छात्रा अनिवार्य रूप से इनका पालन करें।
- दोनों छात्रावास CCTV कैमरा, मैटर्न और सिक्युरिटी की देख-रेख में है। इस लिए सभी छात्र/छात्रा नियम विरुद्ध गतिविधियों से बचे।
- सभी छात्र/छात्रा छात्रावास संपत्ति की सुरक्षा, समुचित उपयोग एवं अनिवार्य रूप से अपने कक्ष की साफ-सफाई स्वयं करें।
- सभी छात्र/छात्रा आवश्यकता न होने पर कक्ष के सभी विद्युत उपकरणों, जैसे चार-चार लाइट और चार-चार पंखों को स्विच आन न करें। अनावश्यक रूप से उर्जा का अपव्यय करने से बचे। कक्ष से बाहर होने की स्थिति में स्विच आफ जरूर करें।
- कक्ष के फर्नीचर को इधर-उधर न करें। प्रदत्त मैट्रेस (गद्दे) पर सदैव उससे बड़ी साइज की बेडशीट बिछाकर उपयोग करें, ताकि गद्दा गंदा न हो। सभी छात्र/छात्रा 7x4 फीट आकार की **2 बेडशीट** अवश्य रखें।

- परिसर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है। अतः सभी छात्र/छात्रा **बोतल, रैपर और पालीथीन** आदि का प्रयोग न करके परिसरीय वातावरण को स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें।
- सभी छात्र/छात्रा विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए छात्रावास नियमों और समय-समय पर छात्रावास वार्डन द्वारा दिए जाने वाले निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करें।
- सभी छात्र/छात्रा छात्रावास में परस्पर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें। अनावश्यक आरोप/प्रत्यारोप न करें। सामूहिक जीवन यापन के महत्त्व को समझ कर को-आपरेटिव मेस के संचालन में परस्पर सहयोग करें। केवल अपने लिए किसी भी प्रकार की विशेष सुविधा की मांग न करें।
- सभी छात्र/छात्रा छात्रावास परिसर, बरामदा और वाशरूम को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें। कूड़ा-कचरा के लिये डस्ट बिन का प्रयोग करें। जहाँ-तहाँ न फेंके।

समस्त छात्रावास प्रतिपालकों और मैटर्न से अपेक्षा की जाती है कि वे विश्वविद्यालय के हास्टल गाइडलाइन के अनुसार छात्रावास नियमों और उपर्युक्त निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन कराने में अपना योगदान करें, साथ-साथ छात्रावास नियमों का पालन न करने वाले छात्र/छात्राओं को इङ्गित कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें, ताकि उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

**(प्रो. मखलेश कुमार)**
निदेशक

**प्रतिलिपि-** सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. समस्त छात्रावास प्रतिपालक, के. सं. वि.,एकलव्य परिसर।
2. समस्त मैटर्न, के. सं. वि., एकलव्य परिसर।
3. समस्त सिक्युरिटी, के. सं. वि., एकलव्य परिसर।
4. समस्त अन्तेवासी, के. सं. वि., एकलव्य परिसर।
5. नोटिस बोर्ड।
6. सम्बन्धित सञ्चिका।

10/11/2025

**(प्रो. मखलेश कुमार)**
निदेशक

निदेशक / Director
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय / Central Sanskrit University
एकलव्य परिसर, अगरतला / Ekalavya Campus, Agartala